प्रेस के लिए सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति सं. 102 / 2026)
भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण
www.trai.gov.in

नई दिल्ली 23 जुलाई 2026 तत्काल प्रकाशन हेतु


**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने वैस्ट बंगाल एसएसए के तहत गंगा नदी के किनारे कोलकाता से कचूबरिया-गंगासागर तक मोबाइल नेटवर्क की गुणवत्ता का आकलन किया।**

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (TRAI) ने जून 2026 माह के दौरान सामान्य दूरसंचार उपभोक्ताओं की जानकारी के लिए वैस्ट बंगाल एसएसए के तहत गंगा नदी के किनारे कोलकाता से कचूबरिया-गंगासागर तक किए गए स्वतंत्र ड्राइव टेस्ट (IDT) के निष्कर्ष जारी किए हैं। ड्राइव टेस्ट का उद्देश्य दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (TSPs) द्वारा प्रदान की जाने वाली मोबाइल नेटवर्क सेवाओं (वॉयस और डेटा दोनों) की वास्तविक समय (Real time) गुणवत्ता का आकलन और सत्यापन करना है। आईडीटी के दौरान, ट्राई द्वारा कवरेज, कॉल ड्रॉप रेट (CDR), कॉल सेटअप सक्सेज रेट (CSSR), डाटा डाउनलोड (DL) और अपलोड (UL) थ्रूपुट आदि जैसे जैसे प्रमुख सेवा गुणवत्ता (QOS) पैरामीटरों के लिए दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के प्रदर्शन को दर्ज किया जाता है और उन्हे उपभोक्ताओं की जानकारी और दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रकाशित किया जाता है ताकि टीएसपी अपनी सेवाओं में सुधार कर सकें।

2. इन आईडीटी को शहरों, हॉटस्पॉट, सार्वजनिक परिवहन केंद्रों आदि जैसे विविध उपयोग वाले वातावरण में सभी टीएसपी के जमीनी मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन को कैप्चर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इस प्रकार के ड्राइव परीक्षण में, 2G, 3G, 4G और 5G नेटवर्क पर सभी टीएसपी के सिम कार्ड का उपयोग करके लाइव डेटा और वॉयस सैशन स्थापित किए जाते हैं। कई उन्नत परीक्षण हैंडसेट का उपयोग किया जाता है, और उन्नत सॉफ्टवेयर सिस्टम का उपयोग करके वास्तविक समय में सैशन की निगरानी और विश्लेषण किया जाता है।

3. भादूविप्रा (ट्राई) ने अपनी नियुक्त एजेंसी के माध्यम से वैस्ट बंगाल में 6 जून 2026 को वैस्ट बंगाल एसएसए के तहत गंगा के किनारे (कोस्टल) एरिया में कोस्टल ड्राइव-124.4 किमी, हॉटस्पॉट लोकेशंस- 2 में ड्राइव टेस्ट किए। ये टेस्ट ट्राई के क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता की देखरेख में आयोजित किए गए थे। ड्राइव टेस्ट रिपोर्ट में प्रस्तुत अवलोकन ड्राइव टेस्ट के संचालन के दिन/समय पर टेस्ट के तहत क्षेत्रों/मार्ग में दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के प्रदर्शन का प्रतिनिधित्व करते हैं।.

4. **ड्राइव टेस्ट रूट मैप:** मानचित्र पर संकेतों के अनुसार के अनुसार, निम्नलिखित मानचित्र तटीय ड्राइव और हॉटस्पॉट को इंगित करने वाले ड्राइव परीक्षण मार्गों का अवलोकन प्रदान करता है:



5. **प्रमुख मूल्यांकित पैरामीटर**:

क) **कवरेज गैप:** नमूनों का प्रतिशत, जिसके लिए सिग्नल की शक्ति संबंधित तकनीक (2G/3G/4G/5G) के लिए न्यूनतम निर्धारित सिग्नल शक्ति से कम देखी गई।

ख) **वॉयस सर्विसेज :** कॉल सैट अप सक्सेज रेट (CSSR), ड्रॉप कॉल रेट (DCR), कॉल सेटअप टाइम.

घ) **डाटा सर्विसेज :** डाउनलोड/अपलोड थ्रूपुट, लेटेंसी, जिटर, पैकेट ड्राप रेट

6. प्रमुख मापदंडों के लिए कोलकाता से कचुबरिया-गंगासागर तक कोस्टल ड्राइव में समग्र मोबाइल नेटवर्क प्रदर्शन का सारांश नीचे दिया गया है: -

क) **कवरेज गैप**- ऑटो-सिलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में कोस्टल ड्राइव टेस्ट मार्ग पर वायस टेस्टिंग के दौरान देखी गई सिग्नल शक्ति, एकत्र किए गए कुल नमूनों में से खराब सिग्नल शक्ति वाले नमूनों की संख्या के रूप में मापी गई, **एयरटेल** के लिए **1051**/18186, **बीएसएनएल** के लिए **10326**/16338, **आरजेआईएल** के लिए **1474**/18149 और **वीआईएल** के लिए **1819**/18122 थी। कवरेज गैप का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ख) **ड्राप्ड काल्स** - ड्रॉप कॉल, जिसे सफलतापूर्वक स्थापित कॉल की संख्या में से ड्रॉप कॉल की संख्या के रूप में मापा जाता है, **एयरटेल** के लिए 1/129, बीएसएनएल के लिए 24/124, **आरजेआईएल** के लिए 2/130 और **वीआईएल** के लिए 9/133 थे। ड्रॉप किए गए कॉल स्थानों का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ग) **डाटा डाउनलोड एवं अपलोड थ्रूपुट :**

i) **डाटा डाउनलोड प्रदर्शन (समग्र)**: एयरटेल (5G/4G) के लिए औसत डाउनलोड स्पीड 55.93 Mbps, बीएसएनएल (4G/2G) के लिए 5.95Mbps, आरजेआईएल (5G/4G) के लिए 86.53 Mbps और वीआईएल (5G/4G/2G) के लिए 24.23Mbps दर्ज की गई। डाउनलोड थ्रूपुट का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ii) **डाटा अपलोड प्रदर्शन (समग्र)**: **एयरटेल (5G/4G)** के लिए औसत अपलोड स्पीड 5.54Mbps, **बीएसएनएल (4G/2G)** के लिए 1.65Mbps, **आरजेआईएल (5G/4G)** के लिए 4.95Mbps और **वीआईएल (5G/4G/2G)** के लिए 3.43Mbps देखी गई। अपलोड थ्रूपुट का विवरण संलग्न मानचित्र में दर्शाया गया है।

ड्रॉप्ड कॉल्स के स्थानों को मानचित्र पर लाल बिंदु पर क्लिक करके देखा जा सकता है

7. आईडीटी के दौरान ड्राइव टेस्ट मार्ग और कवर किए गए क्षेत्र का विवरण इस प्रकार है: -

**क) कोस्टल** – कोस्टल ड्राइव में शामिल हैं:- कोलकाता से कचुबरिया-गंगासागर-पुजाली, बेलारी, जियोनखली, डायमंड हार्बर और घोरमारा आदि

ख) **हौटस्पॉट** - हॉट स्पॉट स्थान में स्थिर उपयोगकर्ता अनुभव को कैप्चर करते हुए शामिल हैं:- (i) आउट्राम घाट कोलकाता; और (ii) एलसीटी जेट्टी कचुबरिया।

8. आईडीटी के निष्कर्षों के बारे में सभी संबंधित दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को उनके स्तर पर आवश्यक कार्रवाई करने के लिए प्रेषित किया जा चुका है। आईडीटी की विस्तृत रिपोर्ट ट्राई की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध करवाई गई है। किसी भी अतिरिक्त जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए adv.kolkata@trai.gov.in पर मेल भेजा जा सकता है या ट्राई के क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता से दूरभाष सं *+91-33-22361401*. पर संपर्क किया जा सकता है।

कौशिक
23/07/202

(कौशिक मुखर्जी)

सलाहकार, ट्राई क्षे.का.कोलकाता


**1.** कोलकाता से कचूबरिया-गंगासागर तक गंगा नदी के किनारे कोस्टल ड्राइव

क) कवरेज गैप– वॉयस टेस्ट के दौरान ऑटो-चयन मोड (**5G/4G/3G/2G**) में ड्राइव टेस्ट रूट के लिए न्यूनतम निर्दिष्ट सिग्नल शक्ति से कम पाया गया कवरेज वितरण नीचे दिया गया है:

| मानदंड | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|
| ड्राइव टेस्ट रूट पर कैप्चर किए गए नमूनों की कुल संख्या | 18186 | 16338 | 18149 | 18122 |
| खराब सिग्नल क्षमता वाले नमूनों की संख्या | 1051 | 10326 | 1474 | 1819 |
| सीमित सेवा (बिना कवरेज) वाले नमूनों की संख्या | 0 | 623 | 0 | 5 |

नोट: सिग्नल की क्षमता खराब तब मानी गई है जब वह 5G और 4G के लिए 110 dBm, 3G के लिए 90 dBm और 2G के लिए 85 dBm से नीचे आती है।

देखा गया कवरेज गैप





नोट: प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है

ख) ड्राप्ड काल्स - ऑटो-सिलेक्शन मोड(5G/4G/3G/2G) में ड्राप्ड कॉल का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गयाहै

| मानदंड | एयरटेल | बीएसएनएल | आरजेआईएल | वीआईएल |
|---|---|---|---|---|
| **स्थापित सफल कॉल की संख्या** | 129 | 124 | 130 | 133 |
| ड्राप्ड **कॉल की संख्या** | 1 | 24 | 2 | 9 |

ड्राप्ड काल्स के स्थान





नोट: ड्राप्ड कॉल लोकेशंस को लाल रंग में दिखाया गया है जिसे क्लिक करके मानचित्र पर सटीक स्थान (अक्षांश और देशांतर) का पता लगाया जा सकता है

ग) डेटा डाउनलोड और अपलोड थ्रूपुट: ऑटो सेलेक्शन मोड (5G/4G/3G/2G) में महीने के लिए घोषित विशिष्ट डीएल/यूएल थ्रूपुट के खिलाफ औसत डाउनलोड (डीएल) और अपलोड (यूएल) थ्रूपुट का टीएसपी-वार विवरण नीचे दिया गया है:

**(i)** डाउनलोड थ्रूपुट


| मानदंड | माप प्रकार | एयरटेल (5G तक) | बीएसएनएल (4G तक) | आरजेआईएल (5G तक) | वीआईएल (5G तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| टीएसपी द्वारा घोषित विशिष्ट डाउनलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 5.04 | 5.00 | 15.00 | 15.00 |
| आईडीटी के दौरान मापा गया औसत डाउनलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 55.93 | 5.95 | 86.53 | 24.23 |






नोट: प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है


**(ii) अपलोड थ्रूपुट**

| मानदंड | माप प्रकार | एयरटेल (5G तक) | बीएसएनएल (4G तक) | आरजेआईएल (5G तक) | वीआईएल (5G तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| टीएसपी द्वारा घोषित विशिष्ट अपलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 3.77 | 3.00 | 7.00 | 8.00 |
| आईडीटी के दौरान मापा गया औसत अपलोड थ्रूपुट | (Mbits/s) | 5.54 | 1.65 | 4.95 | 3.43 |




नोट: प्लॉट केवल डायनेमिक ड्राइव टेस्ट परिणामों पर आधारित है